[This question paper contains 4 printed pages.]

**Sr. No. of Question Paper : 130** **D** **आपका अनुक्रमांक...............**

Unique Paper Code : 205381

Name of the Course : **B.Com. (Prog.) Hindi**

Name of the Paper : (प्रश्न पत्र CP 3.4 - ऐच्छिक भाषा : हिन्दी)
हिन्दी सर्जनात्मक लेखन और अनुवाद

Semester : III

Duration : 3 Hours
समय : 3 घण्टे

Maximum Marks : 75
पूर्णांक : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. सर्जनात्मक लेखन के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए व्यावसायिक क्षेत्र में हिन्दी के स्वरूप का विवेचन कीजिए। (8)

**अथवा**

सर्जनात्मक लेखन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए पत्रकारिता के क्षेत्र में इसके महत्व पर प्रकाश डालिए।

2. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (6)

"घूम रहा है कैसा चक्र !
वह नवनीत कहाँ जाता है, रह जाता है तक्र।" - पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

"वह तोड़ती पत्थर;" कविता की मूलभूत संवेदना बताइए।

(ख) 'शतरंज के खिलाड़ी' कहानी में व्यक्त परिवेश पर प्रकाश डालिए। (5)

अथवा

लहनासिंह की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

(ग) 'सूखी डाली' एकांकी में वर्णित संयुक्त परिवार की अवधारणा का उल्लेख कीजिए । (5)

अथवा

'अंडे के छिलके' एकांकी की अभिनेयता के आधार पर समीक्षा कीजिए ।

3. (क) टेलीविज़न पटकथा लेखन के मूलभूत तत्त्वों की चर्चा कीजिए । (8)

अथवा

'साक्षात्कार' हेतु प्रश्नावली तैयार करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) डायरी लेखन की विशेषताएँ लिखिए । (7)

अथवा

संस्मरण की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

4. (क) 'बैंकों में हिन्दी के प्रयोग' विषय पर विचार व्यक्त कीजिए । (7)

अथवा

वाणिज्य जगत में हिन्दी के प्रयोग की स्थिति पर प्रकाश डालिए ।

(ख) बीमा-क्षेत्र में हिन्दी के प्रयोग की स्थिति का उल्लेख कीजिए । (7)

अथवा

वित्त-संस्थानों में हिन्दी की स्थिति स्पष्ट कीजिए ।

5. (क) अनुवाद का स्वरूप स्पष्ट करते हुए इसके विभिन्न प्रयोगक्षेत्रों का उल्लेख कीजिए । (5)

अथवा

अनुवाद की प्रक्रिया पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए ।

(ख) आशु अनुवाद और सारानुवाद में अंतर स्पष्ट कीजिए। (5)

अथवा

'अनुवाद के उपकरण' विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

6. (क) दिए गए अनुच्छेद का अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद कीजिए : (6)

Agriculture plays an important role in India's economic life and development. Though it is not comparable with what has been achieved in this field in advanced countries; yet it still provides direct means of substance to nearly 70% of the population. It also supports indirectly various social services like trade, transport and various cottage industries. It is not only a source of income but is also way of life for many people. It also provides employment to nearly 70% of the labour force. Thus agriculture contributes in a big way to the national product.

**OR**

Hindi is a Phonetic language. This is also a special feature of other Indian languages. The Committee has, therefore, recommended that a technology should be developed through which it should be possible to enter text in Computers through speech only i.e., it should not be necessary to type on Roman or Devnagari keyboard for 'input' on Computers and it should be possible to enter data through oral pronunciation. The Department of Electronics should undertake research and necessary steps for this purpose.

(ख) दिए गए अनुच्छेद का हिन्दी से अंग्रेज़ी अनुवाद कीजिए : (6)

ई-कामर्स ने समस्त संसार को एक विशाल मंडी में परिवर्तित कर दिया है। इस मंडी में आप छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी वस्तु को खरीद व बेच सकते हैं। ई-कामर्स की किसी भी वेबसाइट को खोलकर और उसे आर्डर देकर घर बैठे ही अपनी मनपसंद वस्तु प्राप्त की जा सकती है। इंटरनेट पर खरीदारी करने का सबसे सुलभ माध्यम क्रेडिट-कार्ड है।

**अथवा**

हिन्दी पत्रकारिता के उद्‌भव और विकास की अपनी ही रोमांचक कहानी है । 30 मई 1826 ई. का दिन हिन्दी पत्रकारिता की विकास यात्रा का महत्वपूर्ण बिन्दु है क्योंकि इसी दिन श्री युगलकिशोर शुक्ल के संपादन में 'उदन्त मार्तण्ड' नामक पहला साप्ताहिक समाचार-पत्र प्रकाशित किया गया था । हालांकि 4 दिसम्बर 1827 को समाचार पत्र का प्रकाशन बंद हो गया था किन्तु पत्रकारिता जगत् में जो मार्ग 'उदन्त मार्तण्ड' ने दिखाया उसी मार्ग पर चलकर भारतीयों ने स्वाधीन भारत का सपना साकार किया ।